# 12 वित्तीय साक्षरता

**हम सीखेंगे**

- बैंक खाता खुलवाने संबंधित जानकारी का उपयोग करना
- बैंक संबंधित फॉर्म पढ़ना, समझना और भरना (चैक, जमा पर्ची, नकद निकासी पर्ची)

## मेरा खाता मेरी शान

शरबती ने गुल्लक तोड़ी। ढेरों नोट और सिक्के छनछना कर गिर पड़े। शरबती ने गिना कुल ₹2573 थे। ये पैसे उसने बड़े जतन से जोड़े थे। अब सवाल था इनकी सँभाल का! सलाह लेने वह लाजू के पास गई। लाजू और शरबती पक्की सहेलियाँ हैं।

लाजू ने सुझाया बैंक में जमा कर दो या डाकघर में खाता खुलवा लो। शरबती भड़की, "बैंक के पचीसों चक्कर लगा चुकी हूँ किसी ने घास न डाली।" लाजू- "अब ऐसा नहीं है।" काफ़ी बहस हुई।

आखिर शरबती मानी। दोनों सहेलियाँ बैंक पहुँची। वहाँ बोर्ड लगा था-

बोर्ड पढ़कर दोनों मुस्कराई। वहाँ और भी जानकारी मिली। खाता जन-धन योजना के तहत खुलेगा। शुरुआती राशि के बिना खाता खुलेगा। साथ ही लोन की सुविधा मिलेगी। दुर्घटना बीमा भी हो जाएगा और समय-समय पर सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता भी सीधे बैंक खाते में ही जमा होगी।

दोनों हैरान थीं और खुश भी। वे जानती थीं कि बैंक में धन सुरक्षित है। ब्याज भी मिलेगा, लेकिन इतने ढेरों लाभ! वाह, क्या बात है!

अब लाजू और शरबती भी क्यों न खाता खुलवाती। दोनों ने बचत खाता खुलवाने के लिए फॉर्म भरकर जमा किया। शरबती ने मतदाता पहचान-पत्र और आधार कार्ड की कॉपी लगाई जिसमें उसके निवास स्थान का पूरा पता लिखा था। लाजू का रूपे-कार्ड खो गया था। उसने सरपंच से पत्र लिखवा लिया।

कुछ दिन बाद डाकिया डेबिट रूपे-कार्ड (ए.टी.एम.) दे गया। रूपे-कार्ड से वे किसी भी बैंक के ए.टी.एम. मशीन से पैसे निकाल सकती थीं।

रूपे-कार्ड पाकर दोनों खुश थीं। लाजू बोली- हमारा तो रुतबा ही बढ़ गया। अब हम भी खाताधारी हैं।

**''मेरा खाता मेरी शान''**

*-निशात फारूक़*

- **बैंक में खाता खोलें।**
- **साहूकार से छुटकारा मिलेगा।**
- **खाता खोलना हुआ बेहद आसान। छोटा-सा फॉर्म भरें।**
- **साथ में कोई पहचान दस्तावेज़ लगाएँ।**
- **यदि पहले से खाता खुला है तो वह जन-धन योजना से जुड़ सकता है।**

## सही कथनों को मिलाकर वाक्यों को पूरा कीजिए-

| | |
|---|---|
| • बैंक में खाता | • पहचान-पत्र की कॉपी लगानी है |
| • बैंक में धन | • राशि के खुलेगा |
| • खाता बिना शुरूआती | • दे गया |
| • डाकिया रूपे-कार्ड | • खोलना हुआ आसान |
| • फॉर्म के साथ | • सुरक्षित रहता है |

## पढ़िए, बताइए और लिखिए-

प्रश्न 1. लाजू ने शरबती को पैसा जमा कराने के लिए क्या सुझाव दिया?

---

---

---

प्रश्न 2. क्या आपका भी बैंक में बचत खाता है? अपने बैंक का नाम लिखिए।

---

---

---

प्रश्न 3. क्या आपको कभी बैंक या डाकघर में पैसे के लेन-देन में किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा है?

---

---

---

CNCL NCERT

## ■ सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए-


1. खाता ________________ में या ________________ में खोलना चाहिए।
2. अपनी ________________ के हिसाब से खर्च करना चाहिए।
3. जमा राशि पर ________________ मिलता है।
4. बैंक में खाता खोलने के लिए ________________ , ________________ और ________________ की ज़रूरत होती है।

## ■ दिया गया फॉर्म भरिए-

| | |
|---|---|
| नाम | ............................................................ |
| आयु | ............................................................ |
| लिंग | ............................................................ |
| पता | ............................................................ |
| | ............................................................ |
| वार्षिक आय | ............................................................ |
| मोबाइल नंबर | ............................................................ |

CNCL NCERT


## देखिए, पढ़िए और बातचीत कीजिए


जमापर्ची नकद/अंतरण
PAY-IN-SLIP CASH/TRANSFER
भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA
................ शाखा/Branch
दिनांक/Date .............. 20......
खाते का प्रकार : बचत बैंक/चालू खाता/आवर्ती जमा/कैश क्रेडिट/सावधि ऋण
TYPE OF ACCOUNT : SB/CA/RD/CC/TL
खाता सं./A/c No.
For the credit of the Bank Account of ................
................ के खाते में जमा करने हेतु
नकद/चेकों के विवरण (पर्ची के दूसरी ओर) Details of Cash/Cheques (Overleaf) ₹ पै. P.
खाते में नकद जमा/Cash Deposit in the A/c
नकदी रखरखाव शुल्क/Cash handling Chrg.
कुल जमा/Total Deposit
रुपये (शब्दों में)/Rupees (in words) ................
कार्यालय उपयोग हेतु/For Office Use
एसडब्ल्यूओ/SWO | रोकड़ अधिकारी/पासकर्ता अधिकारी Cash Officer/Passing Officer

CC.NO.100999131
CSD.FBD.: 9801/06.03.2013/1Lac Pads/Samira

जमापर्ची
PAY-IN-SLIP
भारतीय स्टेट बैंक / STATE BANK OF INDIA
................ शाखा / Branch
नकद/अंतरण
CASH/TRANSFER
नोट : कृपया नकद, चैक, ड्राफ्ट आदि जमा करने के लिए अलग-अलग पर्चियों का उपयोग करें/
Please use separate slips for depositing cash, cheque, drafts etc.
दिनांक/Date .............. 20......
खाते का प्रकार / Type of Account ( ✓ )
बचत बैंक /SB | चालू खाता / CA | आवर्ती जमा /RD | कैश क्रेडिट / CC | सावधि ऋण / TL
खाता सं./Account No.
के खाते में जमा करने हेतु / For the credit of the Bank Account of ................
................ नोट : कृपया नकद/चेक की विवरण दूसरी ओर लिखें / NOTE : Please furnish details of cash/cheque overleaf
₹ पै./P.
खाते में नकद जमा / Cash Deposit in the Account
'पी' खण्ड के ग्राहकों को छोड़कर नकद रखरखाव शुल्क (कैश क्रेडिट/चालू खाता)/Cash Handling Chrg. (CC/CA) other than 'P' Segment Cust.
कुल जमा रुपए (शब्दों में) / Total Deposit (in words) ₹ ................
मोबाइल/टेलीफोन नं. / Mobile/Telephone No.
पैन नं. / PAN No.
शाखा/Branch
कोड नं./Code No
(यदि जमा राशि-मूल इतर (नॉन-होम) शाखा में जमा की जाती है)/(If Deposit is made for Non Home Branch)
जमाकर्ता के हस्ताक्षर / Signature of the Depositor
कार्यालय उपयोग हेतु / For Office Use
एसडब्ल्यूओ/SWO | रोकड़ अधिकारी/पासकर्ता अधिकारी / Cash Officer/Passing Officer


# पैसे जमा करने की पर्ची


खाताधारक का (के) नाम / Name of the Account Holder(s)................
भारतीय स्टेट बैंक
STATE BANK OF INDIA
................ शाखा / BRANCH
बचत बैंक आहरण फार्म
SAVINGS BANK WITHDRAWAL FORM
दिनांक
Date ................
नोट : यह फार्म चेक नहीं है। इस फार्म के साथ पासबुक प्रस्तुत नहीं किए जाने पर भुगतान के लिए इनकार किया जाएगा। यह भुगतान केवल मूल (होम) शाखा में ही किया जाएगा।
NOTE : This form is not a Cheque. Payment will be refused if the pass book is not produced with this form. This payment will be made only at the Home Branch.
खाता संख्या
ACCOUNT NUMBER
कृपया मुझे / हमें Please pay self/ourselves ₹................ (₹ ................
................ मात्र/ only)
का भुगतान करें और मेरे /हमारे उपर्युक्त बचत/बैंक खाते को यह राशि नामे करें I/ and debit the amount to my/our above savings bank account.
फोन/मोबाइल नं./Phone/Mobile No.
खाताधारक (कों) के हस्ताक्षर Signature(s) of the Account Holder(s)
कार्यालय उपयोग हेतु/FOR OFFICE USE
पासकर्ता/Passed by | हस्ताक्षर/Signature | पासकर्ता/Passed by | हस्ताक्षर/Signature
एसडब्ल्यूओ/SWO | | पासकर्ता अधिकारी/PASSING OFFICER |
CC No. 100101080
CSD.FBD.:8757/07.10.13/50,000 Pads/Samira

# पैसे निकालने की पर्ची




# ए.टी.एम. कार्ड




# पासबुक

NCERT




चैक




20 रुपये का नोट



ए.टी.एम. मशीन

NCERT

## ▪ ATM कार्ड की संक्षिप्त जानकारी

ए.टी.एम. बैंक से पैसा निकालने जमा करने का एक इलेक्ट्रॉनिक कार्ड होता है जिसकी सहायता से कहीं भी, कभी भी नकद पैसे निकाल सकते हैं और बैंक खाते का लेखा-जोखा भी जान सकते हैं। पैसे लेन-देन के मामले से जुड़ी किसी समस्या के समाधान के लिए केवल बैंक से ही संपर्क करना चाहिए। ए.टी.एम. कार्ड से पैसे निकालने के लिए ए.टी.एम. मशीन का इस्तेमाल किया जाता है।




### याद रखें

चैक की वैधता अंकित तिथि से 3 महीने तक मान्य होती है। क्रॉस चैक केवल खाता धारक के खाते में देय होता है।

### कभी किसी से साझा न करें

1. ओ.टी.पी. 2. पिन 3. सी.वी.वी.
4. खाता संबंधी जानकारी 5. व्यक्तिगत जानकारी

### KYC क्या होता हैं?

KYC (Know Your Customer) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बैंक किसी व्यक्ति की पहचान और पते की पुष्टि करता है। अब आधार कार्ड से भी KYC कर सकते हैं।

### KYC के लिए ज़रूरी दस्तावेज़

1. पैन कार्ड 2. बिजली का बिल 3. आधार कार्ड 4. आवासीय पता

## पढ़िए और लिखिए

नीचे वित्तीय साक्षरता और बैंक से जुड़ी कुछ ज़रूरी बातें बताई गई हैं, इन्हें पढ़िए-

### वित्तीय साक्षरता— मतलब क्या?

- रुपए-पैसे की बचत एवं खर्च के बीच तालमेल की समझ
- बचत के प्रति जागरूक होना

### आप क्या कर सकते हैं?

- आमदनी, खर्च और बचत का लेखा-जोखा रखिए।
- गैर ज़रूरी खर्चों से बचिए।
- बचत की आदत डालिए।
- बैंक या डाकघर में खाता खोलिए।
- अपनी बचत को सही जगह जमा कीजिए।

### वित्तीय साक्षर बनने से क्या लाभ होगा?

- आगे आने वाले खर्चे को पूरा करने के लिए पहले से तैयार रहेंगे।
- खर्चों को काबू में लाएँगे।
- समझदारी से खर्च कर पाएँगे।
- अपनी ज़रूरतों को पहचान सकेंगे।

### बैंक में खाता खोलने के लाभ

- आप अपनी बचत को सुरक्षित रूप से बैंक खाते में जमा कर सकते है
- जमा राशि पर ब्याज मिलता है
- ज़रूरत पड़ने पर जमा राशि निकाल सकते हैं।

### बैंक में खाता खोलने के लिए इनमें से क्या-क्या चाहिए, सही (✓) का निशान लगाइए

- फ़ोटो ______
- आधार कार्ड ______
- पैन कार्ड ______
- वोटर आई कार्ड ______

### बैंक में खाता खुल जाने पर आपको बैंक से क्या-क्या मिलेगा?

- चैक बुक ______
- पास बुक ______
- डेबिट रूपे कार्ड (ए.टी.एम. कार्ड) ______

## भीम ऐप (BHIM)

भीम ऐप (BHIM) पैसों के लेन-देन का मोबाइल ऐप है। इसे ई-पेमेंट भी कहते हैं। इसमें आप अपने मोबाइल के ज़रिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

- दूर बैठे किसी व्यक्ति को पैसे भेज सकते हैं।
- बच्चों के स्कूल की फ़ीस दे सकते हैं।
- बिजली के बिल का भुगतान कर सकते हैं।
- किराने की दुकान वाले को पैसा दे सकते हैं।
- लोन का भुगतान कर सकते हैं।



सबसे पहले आपको अपने मोबाइल में भीम ऐप को डाउनलोड और इंस्टॉल करना होगा। इसमें आप हिंदी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी काम कर सकते हैं। इस ऐप में आप भारतीय स्टेट बैंक के साथ दूसरे लगभग 30 भारतीय बैंक खातों का इस्तेमाल कर सकते हैं।



(*स्रोत*— https:// https://www.npci.org.in/www.npci.org.in/
https://www.npci.org.in/product-overview/bhim-product-overview)

## पढ़िए और लिखिए

वित्तीय साक्षरता मतलब पैसों का सही तरीके से आमदनी और खर्च में तालमेल बिठाना तथा बचत के प्रति जागरूक होना है।

## बैंक में खाता खोलने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज ज़रूरी होते हैं

- फ़ोटो
- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड
- पैन कार्ड
- बिजली का बिल
- आवासीय पता

## डेबिट कार्ड से बहुत से काम कर सकते हैं। नीचे कुछ कामों की सूची दी जा रही है। आप कुछ कामों के नाम लिखिए-

- खरीदारी
- किराना
- ऑनलाइन खरीदारी
- टिकट बुकिंग
- होटल बुकिंग
- ऑनलाइन पेमेंट
- स्कूल फ़ीस भर सकते हैं।
- पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं।
- ____________________
- ____________________
- ____________________
- ____________________

CNCL NCERT

## इसके अतिरिक्त डेबिट कार्ड से आप क्या-क्या कर सकते हैं? बताइए और लिखिए-

**शिक्षक-निर्देश**— 'वित्तीय साक्षरता' विषय पर बातचीत कीजिए। सहभागियों से पूछकर इस विषय से जुड़े तीन-चार शब्द लिखिए। ये शब्द उनकी अपनी भाषा के भी हो सकते हैं, जैसे– 'रुपया' के लिए 'रुपैय्या' आदि।

CNCL NCERT

■ मिलकर पढ़िए

## दान का हिसाब



एक राजा था। वह बहुत स्वार्थी था। अपने सुख के लिए हज़ारों खर्च करता। पर अपनी प्रजा के लिए उसकी मुट्ठी बंद हो जाती थी।

एक बार अकाल पड़ा। लोग राजा के पास मदद के लिए गए, "महाराज, अनाज खरीदने के लिए थोड़ा धन दे दीजिए।"

लेकिन राजा ने धन देने से मना कर दिया। उसने कहा, "आज लोग अकाल से परेशान हैं। कल भूकंप आ सकता है। इस तरह सभी की मदद करते-करते राजभंडार खाली हो जाएगा। तब मेरे पास कुछ भी धन नहीं बचेगा।" लोग निराश होकर लौट गए।



समय बीतता गया। अकाल का प्रकोप बढ़ता गया। हज़ारों लोग भूख से मरने लगे। लोगों ने बार-बार राजा से मदद के लिए कहा। परंतु राजा टस से मस न हुआ।



कुछ दिन बाद एक संयासी राजसभा में आया। उसने कहा, “महाराज! बड़ी दूर से आया हूँ। आपका बहुत नाम सुना है। आप मेरी भी इच्छा पूरी कर दें।”

प्रशंसा सुनकर राजा खुश हुआ। बोला, “बताइए, आपको क्या चाहिए?” संयासी ने कहा, “मैं बीस दिन तक मामूली-सी भिक्षा लेना चाहता हूँ। लेकिन मेरी भिक्षा का एक नियम है। पहले दिन जो लेता हूँ, दूसरे दिन उसका दुगना, तीसरे दिन उसका दुगना, चौथे दिन तीसरे दिन का दुगना। इसी तरह रोज़ दुगना लेता जाता हूँ।”

राजा बोला, “आप पहले दिन कितना लेंगे?”

संयासी ने कहा, “केवल एक रुपया।” राजा खुश हो गया। उसने आदेश दिया। राजकोष से संयासी के कहे अनुसार भिक्षा दी जाए।

15 दिन बीत गए तो राजभंडारी चौंका। दान में बहुत धन निकला जा रहा था। उसने हिसाब लगाया कि 20 दिन में 10 लाख 48 हज़ार 5 सौ 75 रुपए देने होंगे। उसने यह हिसाब राजा को बताया। हिसाब देखकर राजा बेहोश हो गया।



## दान का हिसाब

| | |
|---|---|
| पहला दिन | 1 रुपया |
| दूसरा दिन | 2 रुपए |
| तीसरा दिन | 4 रुपए |
| चौथा दिन | 8 रुपए |
| पाँचवाँ दिन | 16 रुपए |
| छठा दिन | 32 रुपए |
| सातवाँ दिन | 64 रुपए |
| आठवाँ दिन | 128 रुपए |
| नवाँ दिन | 256 रुपए |
| दसवाँ दिन | 512 रुपए |
| ग्यारहवाँ दिन | 1024 रुपए |
| बारहवाँ दिन | 2048 रुपए |
| तेरहवाँ दिन | 4096 रुपए |
| चौदहवाँ दिन | 8192 रुपए |
| पंद्रहवाँ दिन | 16384 रुपए |
| सोलहवाँ दिन | 32768 रुपए |
| सत्रहवाँ दिन | 65536 रुपए |
| अठारहवाँ दिन | 131072 रुपए |
| उन्नीसवाँ दिन | 262144 रुपए |
| बीसवाँ दिन | 524288 रुपए |
| **कुल** | **1048575 रुपए** |

संयासी को बुलाया गया। राजा ने संयासी से भिक्षा की रकम कम करने की विनती की।

संयासी ने कहा, "लोग अकाल से मर रहे हैं। मुझे उनके लिए केवल पचास हज़ार रुपए चाहिए। यही मेरी भिक्षा होगी!"

राजा बहुत गिड़गिड़ाया। उसने कहा, "रकम कम कर दीजिए।" लेकिन संयासी वचन पर डटा रहा। लाचार होकर राजा को उसे पचास हज़ार रुपए देने पड़े।

पूरे देश में खबर फैल गई कि राजकोष से पचास हज़ार रुपए राहत के लिए दिए गए है। सभी ने कहा, "हमारे महाराज कर्ण जैसे ही दानी हैं।"

*– सुकुमार राय*

*(स्रोत— रिमझिम, कक्षा-4, एन.सी.ई.आर.टी.)*

CNCL NCERT

## सोचिए और बताइए

नीचे दिए गए वाक्यों का इस्तेमाल आप कब करते हैं? छाँटकर लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पैरों तले ज़मीन खिसकना | दिल बाग-बाग होना | दिल धक् से रह जाना | लाल-पीला होना |
| घी के दीये जलाना | खून खौलना | गद्गद् होना | आपे से बाहर होना |

| **जब बहुत खुशी होती है** | **जब बहुत परेशानी होती है** | **जब बहुत गुस्सा आता है** |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |